**खबर संक्षेप**

### निर्मला स्कूल की छात्रा आकृति सिंगौर का राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में चयन



**मण्डला।** जिले के लिए गौरव का विषय है कि निर्मला सीनियर सेकेंडरी स्कूल की प्रतिभाशाली छात्रा आकृति सिंगौर का चयन 69वीं राज्य स्तरीय आयु वर्ग 19 शालेय बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह प्रतियोगिता 7 नवंबर से 11 नवंबर तक छिंदवाड़ा जिले में आयोजित की जा रही है। आकृति सिंगौर, पिता संजय सिंगौर की सुपुत्री हैं, और वह मंडला जिले की ओर से अपने संभाग की टीम का प्रतिनिधित्व करेंगी। उनके चयन सेन केवल विद्यालय परिवार बल्कि पूरे जिले में हर्ष की लहर है। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी मुन्नी वरकड़े, जिला खेल अधिकारी कंदीलाल मरकाम, विद्यालय प्रबंधक सिस्टर ज्योत्सना, प्राचार्य सिस्टर क्लारा कुजूर, पीटीआई सोनम कछवाहा, प्रथम चौकसे, साधना धुर्वे सहित समस्त विद्यालय परिवार एवं जिले के खेल प्रेमियों ने आकृति को हार्दिक बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

### ग्राम लिंगा रैयत में फसल सर्वे एवं प्रयोग कार्य संपन्न

**मण्डला।** मुख्यालय पटवारी अमित चौरसिया द्वारा ग्राम लिंगा रैयत में ग्राम कोतवाल, पंच एवं अन्य ग्रामवासियों की उपस्थिति में फसल नुकसानी का सर्वे किया गया। सर्वे के साथ ही फसल प्रयोग भी संपन्न किया गया। फसल प्रयोग के दौरान यह पाया गया कि धान की पैदावार उत्तम है तथा किसी प्रकार की क्षति नहीं पाई गई।

### कन्या शिक्षा परिसर चटुआमार में शिक्षिका पर कार्रवाई की माँग-प्राचार्य ने भेजा पत्र

# नोटिस को लगातार नजरअंदाज कर रही शिक्षिका

*** बच्चों के भविष्य से हो रहा खिलवाड़।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

कन्या शिक्षा परिसर चटुआमार की प्राचार्य ने विद्यालय की माध्यमिक हिन्दी शिक्षिका श्रीमति सिंधिया चौकसे के विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही की माँग की है। इस संबंध में उन्होंने सहायक आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग, मंडला को पत्र प्रेषित किया है।





#### लगातार नोटिस के बावजूद नहीं सुधरा रवैया

प्राचार्य के अनुसार, शैक्षणिक सत्र 2025–26 में कक्षाएँ 16 जून 2025 से प्रारंभ हो चुकी हैं, किंतु गत वर्ष की भाँति इस वर्ष भी श्रीमति चौकसे द्वारा किसी भी प्रकार का शैक्षणिक कार्य नहीं कराया जा रहा है। छात्राओं द्वारा इस संबंध में समय-समय पर लिखित शिकायतें भी दी गई हैं।

विद्यालय प्रबंधन ने दिनांक 22 जुलाई 2025 को कारण बताओ नोटिस जारी किया था, जिसे शिक्षिका ने प्राप्त करने से इंकार कर दिया। इसके बाद नोटिस को 23 जुलाई 2025 को व्हाट्सएप के माध्यम से भेजा गया। शिक्षिका ने 24 जुलाई 2025 को उत्तर देते हुए कोर्ट में मामला लंबित होने का हवाला दिया, किंतु विद्यालय को इस संबंध में किसी न्यायालयीन या विभागीय सूचना प्राप्त नहीं हुई है।

#### पूर्व सत्र में भी जारी हुए छह नोटिस

प्राचार्य ने बताया कि पिछले सत्र में भी शिक्षिका द्वारा शैक्षणिक कार्य नहीं किया गया था। इस विषय में 13.12.2024, 27.12.2024, 05.02.2025, 19.02.2025, 11.04.2025 एवं 17.04.2025 को कुल छह कारण बताओ नोटिस जारी किए गए थे, परंतु उन पर कोई संतोषजनक उत्तर नहीं मिला।



#### अभद्र व्यवहार और अनुशासनहीनता के आरोप

विद्यालय में शिक्षिका के आचरण संबंधी कई शिकायतें भी सामने आई हैं। इनमें स्टाफ से अभद्र व्यवहार, गाली-गलौच, धमकाना, अमर्यादित भाषा का प्रयोग, समय पर विद्यालय न आना, कक्षा समय में पूजा-पाठ या मोबाइल चलाना, बच्चों से मेंहदी लगवाना, तथा विद्यालयी दस्तावेजों से छेड़छाड़ जैसी गंभीर बातें शामिल हैं।

#### छात्राओं के भविष्य को लेकर चिंता

प्राचार्य ने पत्र में उल्लेख किया है कि शिक्षिका के इस आचरण से विद्यालय का शैक्षणिक वातावरण प्रभावित हो रहा है और छात्राओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है।

#### कठोरतम अनुशासनात्मक कार्यवाही की माँग

प्राचार्य ने सहायक आयुक्त से अनुरोध किया है कि छात्राओं के हित और विद्यालय की मर्यादा को बनाए रखने के लिए श्रीमति सिंधिया चौकसे पर तत्काल कठोरतम अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाए।

#### इनका कहना है -

*संबंधित शिक्षका का मामला माननीय न्यायालय में विचाराधीन है। तथापि, विद्यालय में समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करते हुए विद्यार्थियों को नियमित शैक्षणिक कार्य कराया जाना आवश्यक है। यदि अध्यापन कार्य में लापरवाही पाई जाती है तो इसे अनुचित माना जाएगा। शीघ्र ही विद्यालय समय पालन एवं शिक्षण कार्य के संबंध में विभागीय निर्देश जारी किए जाएंगे।*

**-श्रीमती बंदना गुप्ता,**
**सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग, मण्डला**

*श्रीमती सिंधिया चौकसे द्वारा लंबे समय से शैक्षणिक कार्य नहीं कराया जा रहा है। वे प्रतिदिन लगभग दोपहर 12 बजे विद्यालय आती हैं और दो घंटे में ही घर लौट जाती हैं। परीक्षा अवधि के दौरान भी वे परीक्षा ड्यूटी का निर्वहन नहीं करतीं। इस संबंध में उच्च अधिकारियों को बार-बार शिकायत की जा चुकी है, किंतु अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है, जिससे विद्यालय का शैक्षणिक वातावरण गंभीर रूप से प्रभावित हो रहा है।*

**-निवेदिता उइके,**
**प्रभारी प्राचार्य कन्या शिक्षा परिसर चटुआमार, मण्डला**

## कचरा गाड़ी से परेशान नगरवासी

### गलियों के प्रवेश द्वारों पर क्यों बने कचरा घर



हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

स्वच्छता अभियान में सबसे बड़ी भूमिका स्थानीय नगरपालिका प्रशासन की होती है यह वह एजेंसी है जिसके माध्यम से पूरे नगर में स्वच्छता अभियान संचालित होता है इन्हीं के द्वारा नगरवासियों को प्रेरित किया जाता है और जनता एवं परिषद के सहयोग से नगर को स्वच्छ रखने का प्रयास होता है।

हमारे नगर मण्डला में भी यही प्रयास होना था लेकिन कतिपय कारणों के चलते आज स्वच्छता के दृष्टिकोण से हम बहुत निचले पायदान पर खड़े हैं। संसाधनों की बात करें तो शासन ने कहीं से भी इस पर कंजूसी नहीं की है कचरा एकत्र करने के पर्याप्त वाहन हमारी परिषद के पास है काम करने वाले कर्मचारी भी वर्षो से कार्यरत हैं इसके बावजूद शायद ही कोई गली, कोई मौहल्ला होगा जहां आपको कचरे का अम्बार न दिखाई दे जाये।

प्रत्येक गलियों के प्रवेश द्वारा पर कचरा घर बनाकर रखने की एक नई परम्परा इस नगर में बनी है जो कि अत्यंत ही दुखदायक है पर्वो में या धार्मिक आयोजनों में इस तरह की गंदगी आस्था के साथ खिलवाड़ भी है और जब कोई मेहमान हमारे यहां आता है तो वह इस तरह की गंदगी देखकर समझ जाता है कि स्वच्छता के मामले में हम किस तरह का दृष्टिकोण रखते हैं।

कुछ दिन पूर्व एक नई व्यवस्था परिषद द्वारा कायम की गई एक एजेंसी को स्वच्छता का ठेका दे दिया गया जिसके लिये परिषद द्वारा लाखों रूपये दिये जाने की बात कही गई और यह कहा गया कि इस कंपनी के लोग घर-घर जाकर कचरा एकत्रित करेंगे इसके लिये कंपनी के कर्मचारी भी प्रत्येक घर से 30 रूपये माह वसूल रहे हैं बावजूद इसके कचरे की गाड़ी कब आती है किस गली में आती है किस मौहल्ले में आती है यह निर्धारित नहीं है। नगर के लोग इंतजार करते रह जाते हैं और कचरा घर पर ही पड़ा रहता है।


नगरपालिका परिषद मण्डला (जिला-मण्डला) म.प्र.
कचरा संग्रहण-उपभोक्ता शुल्क
बुक क्रमांक- 04 रसीद क्रमांक 31
वार्ड 20
"आवासीय/व्यवसायिक" कचरा संग्रहण-उपभोक्ता शुल्क बावत रुपये 300 प्राप्त हुये।
दिनांक 16.10.25
₹ 301
हेल्पलाईन नं.: 9424683022
हस्ताक्षर प्राप्तकर्ता

## मतदाता सूची पुनरीक्षण (एसआईआर) एवं आगामी कार्यक्रमों पर हुई विस्तार से चर्चा

*** भाजपा जिला कार्यालय में विशेष बैठक संपन्न।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर एक महत्वपूर्ण एवं संगठनात्मक दृष्टि से अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने की। बैठक में मतदाता सूची पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रगति की समीक्षा करते हुए पार्टी की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही आगामी युवा सम्मेलन, महिला सम्मेलन, लघु उद्योग एवं व्यापारी सम्मेलन जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक एवं भव्य रूप से आयोजित करने के निर्देश दिए गए। जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के विकास का आंदोलन है। पार्टी के हर कार्यक्रम में हमारी भागीदारी जनता के बीच सेवा, संगठन और समर्पण की भावना को मजबूत करने का माध्यम बनेगी।



उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रत्येक सम्मेलन में कार्यकर्ताओं की एकजुटता और जनता का विश्वास झलकना चाहिए, जिससे यह आयोजन पार्टी की संगठनात्मक शक्ति और जनसमर्थन का प्रतीक बने। बैठक में आगामी 'रन फॉर यूनिटी' कार्यक्रम, जो मंडला सांसद के नेतृत्व में आयोजित होगा, तथा भगवान बिरसा मुंडा जी की जन्मजयंती पर होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों पर भी विस्तार पूर्वक चर्चा एवं समीक्षा की गई। इस अवसर पर मंडला ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अनीता तिवारी और नगर मंडल अध्यक्ष रानू राजपूत ने अपने-अपने मंडलों में चल रही तैयारियों की जानकारी दी और आगामी आयोजनों की रूपरेखा प्रस्तुत की। बैठक में मंडला ग्रामीण मंडल महामंत्री रानू ठाकुर ने सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। बैठक में मंचासीन नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, मंडल महामंत्री सौरभ गुप्ता, अभिषेक राय, मोर्चा जिलाध्यक्ष उमेश शुक्ला, आशीष झारिया, पूरन सिंह ठाकुर, पूर्व जिलाध्यक्ष रोचीराम गुरवानी, पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र दुबे, अनुराग चौरसिया सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं मंच का संचालन मयंक विश्वकर्मा के द्वारा किया गया। इस दौरान भाजपा पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, महामंत्री एवं प्रकोष्ठ प्रमुख बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय गीत "वंदे मातरम" के 150वें स्मरणोत्सव पर मैराथन दौड़ एवं सामूहिक गायन






*** देशभक्ति एवं राष्ट्रीय एकता के संदेश के साथ पुलिस बैंड की शानदार प्रस्तुति।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

कल दिनांक 07 नवम्बर 2025 को राष्ट्रीय गीत "वंदे मातरम" के 150वें स्मरणोत्सव के उपलक्ष्य में आज मण्डला जिले में जिला प्रशासन एवं जिला पुलिस के संयुक्त तत्वाधान में मैराथन दौड़ तथा सामूहिक राष्ट्रीय गीत "वंदे मातरम" गायन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः पुलिस लाइन, मण्डला से मैराथन दौड़ के साथ हुई, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्य मार्गों से होकर मैराथन महिष्मति घाट पर समाप्त हुई। समापन स्थल महिष्मति घाट पर पुलिस बैंड द्वारा देशभक्ति धुनों की शानदार प्रस्तुति दी गई, जिसके उपरांत उपस्थित जनसमूह द्वारा राष्ट्रीय गीत "वंदे मातरम" का सामूहिक गायन किया गया।

कार्यक्रम में जिला कलेक्टर मण्डला, नगर पालिका अध्यक्ष, अपर कलेक्टर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, एसडीएम, एसडीओपी, जिला खेल अधिकारी, जनप्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी तथा स्कूल-कॉलेजों के लगभग 500 छात्र-छात्राएं एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।

**विमोचन** | **ग्राम पंचायत विकास योजना 2026-27 के प्रभावी निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल।**

# जीपीडीपी कार्यशाला एवं मार्गदर्शिका का विमोचन

*** ग्राम पंचायतों को सशक्त बनाने के लिए प्रयास।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला





ग्राम पंचायत विकास योजना को अधिक समावेशी, संगठित एवं प्रभावी रूप से लागू करने के उद्देश्य से आज झंकार भवन में कार्यशाला आयोजित की गई। इस एक दिवसीय व्यापक कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन मंडला एवं प्रदान संस्था मंडला के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा एवं विशिष्ट अतिथि मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री शाश्वत सिंह मीना उपस्थित रहे। इस अवसर पर कलेक्टर श्री मिश्रा द्वारा जीपीडीपी मार्गदर्शिका पुस्तिका का विमोचन किया गया। यह पुस्तिका ग्राम पंचायतों को सहभागी एवं प्रभावी ढंग से ग्राम पंचायत विकास योजना तैयार करने में मार्गदर्शन प्रदान करेगी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि ग्राम पंचायत विकास योजना ग्रामीण विकास का आधार स्तंभ है। इसे जनभागीदारी और स्थानीय प्राथमिकताओं के अनुरूप तैयार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस कार्य से जुड़े पंचायत स्तरीय अमले को इस कार्य का अनुभव है, ग्राम के विकास में कार्ययोजना निर्माण की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों से ग्राम स्तर पर समग्र विकास की दिशा में योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का आग्रह किया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री मीना ने कहा कि जीपीडीपी योजना के माध्यम से ग्राम पंचायतों को सशक्त और उत्तरदायी बनाने का लक्ष्य है, जिससे सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति संभव हो सके। ग्राम पंचायतों को अधिक सक्षम, उत्तरदायी और परिणामोन्मुख बनाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा।

प्रशिक्षण सत्र में विशेषज्ञों द्वारा पंचायत प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को जीपीडीपी की प्रक्रिया, डेटा आधारित योजना निर्माण, सामाजिक समावेशन, पर्यावरणीय स्थिरता, तथा ग्राम स्तर पर प्राथमिकताओं के निर्धारण से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। इस कार्यशाला में ग्राम पंचायत विकास योजना 2026-27 के प्रभावी निर्माण हेतु सभी विभागों, संस्थाओं एवं समुदाय के बीच समन्वय स्थापित करना, पिछले वर्ष की योजनाओं की समीक्षा करते हुए आगामी वर्ष की प्राथमिकताओं की पहचान करना, तथा सहभागी और एकीकृत दृष्टिकोण से पंचायत स्तर पर कार्ययोजना तैयार करना जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गयी।

इस अवसर पर जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि, सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं विकास कार्यों से जुड़े अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं समन्वय जिला पंचायत मंडला एवं प्रदान संस्था मण्डला द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

## सिंधी समाज के आराध्य देव पर आपत्तिजनक टिप्पणी पर कार्यवाही को लेकर दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला



विगत दिवस छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के तथाकथित नेता अमित बघेल के द्वारा सिंधी समाज के आराध्य देव भगवान झूलेलाल पर एवं सिंधी समाज पर अपमानजनक टिप्पणी की गई। उक्त आपत्तिजनक टिप्पणी और आपत्तिजनक वीडियो को सोशल मीडिया में प्लेटफार्म पर प्रसारित किया गया। इसे सामाजिक बंधुओ ने देखा, इससे सिंधी समाज की धार्मिक आस्था को गंभीर ठेस पहुंची है।इससे देश के समस्त सिंधी समाज के नागरिक आहत हुए हैं जिससे सिंधी समाज में आक्रोश व्याप्त है।अमित बघेल के द्वारा हल्की ख्याति प्राप्त करने की दुर्भावना से सिंधी समाज की आस्था पर गहरी चोट पहुंची है। इसको लेकर आज सिंधी समाज के द्वारा मर्यादित रैली निकालते हुए राज्यपाल छत्तीसगढ़ के नाम कलेक्टर मंडला को ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें पूज्य सिंधी पंचायत मंडला के द्वारा सविनय आग्रह किया गया कि छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के नेता अमित बघेल के विरुद्ध राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के अंतर्गत प्रभावी कार्यवाही कर इनकी गिरफ्तारी की जाए। बताया गया कि सिंधी समुदाय में प्रारंभ से ही शासन प्रशासन सहित संविधान और कानून पर पूर्ण विश्वास और अनंत सहजता रही है, किंतु इस व्यक्ति के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही न होने से सिंधी समुदाय खुद को असहाय महसूस कर उग्र आंदोलन के लिए विवश हो रहा है। रैली में बड़ी संख्या में सिंधी समाज के नागरिक उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### बरगांव में जनजाति कल्याण केंद्र के सहयोग से विशाल चिकित्सा एवं दिव्यांग शिविर 9 नवंबर को

**डिंडौरी।** जनपद शहपुरा अंतर्गत बरगांव में जनजाति कल्याण केंद्र के सहयोग से 9 नवंबर 2025 को विशाल चिकित्सा एवं दिव्यांग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर जिला प्रशासन डिंडौरी एवं जनजाति कल्याण विभाग के संयुक्त प्रयास से आयोजित किया जा रहा है।शिविर में विभिन्न जटिल बीमारियों के विशेषज्ञ चिकित्सक उपस्थित रहेंगे, जिनके द्वारा हृदय रोग, स्त्री रोग (गायनिक), कैंसर, नेत्र, त्वचा एवं पाचन संबंधी बीमारियों का निशुल्क परीक्षण और उपचार किया जाएगा। साथ ही सोनोग्राफी, पैथोलॉजी टेस्ट एवं दवाइयों की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। शिविर का एक विशेष पक्ष दिव्यांगजन सहायता शिविर रहेगा, जिसमें मेडिकल बोर्ड द्वारा प्रमाणपत्र वितरण, सहायक सामग्री वितरण तथा पेंशन से संबंधित कार्य किए जाएंगे। इसी अवसर पर एक जनकल्याण कार्यक्रम भी आयोजित होगा, जिसमें विभिन्न विभागों की योजनाओं की प्रदर्शनी लगाई जाएगी एवं हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को प्रदान किया जाएगा। जिला प्रशासन एवं जनजाति कल्याण विभाग डिंडौरी द्वारा जिले के नागरिकों से अपील की गई है

सर्वे आदेश के बाद भी नहीं पहुँची टीमें, किसान परेशान, मुआवज़ा की माँग तेज़

# शहपुरा में बेमौसम बारिश का कहर, धान की फसलें बर्बाद



**शहपुरा** - बेमौसम बारिश और तेज़ आंधी-तूफान ने शहपुरा क्षेत्र के किसानों पर बड़ा संकट खड़ा कर दिया है। धान की फसलें खेतों में पूरी तरह गिर चुकी हैं। खेतों में पड़ी गिरी फसल अब इल्ली और कीटों के प्रकोप की वजह से सड़ने लगी है। कुछ क्षेत्रों में धान की फसल हल्दी गाठी रोग से भी प्रभावित हुई है, जिसके कारण बालियों में दाना नहीं बन पाया। इससे किसानों की साल भर की मेहनत और आय पर गहरा असर पड़ा है। इस स्थिति को देखते हुए जिला कलेक्टर ने तत्काल सर्वे कराने के निर्देश पहले ही जारी कर दिए थे, लेकिन किसानों का आरोप है कि सर्वे टीम अभी तक खेतों में पहुँची ही नहीं है। न अधिकारी हाल जानने के लिए आए और न ही नुकसान का कोई आकलन हो पाया है।किसान नेता निर्मल साहू ने कहा हमारे क्षेत्र में किसानों की फसल पूरी तरह चौपट हो चुकी है। धान गिरकर सड़ रहा है। कलेक्टर मैडम ने सर्वे के आदेश दिए थे, लेकिन अब तक कोई सर्वे टीम नहीं आई। हम टूटे दाने खुद चुनकर घर ले जा रहे हैं। किसानों की बात सुनने वाला कोई नहीं है।गाँव के कई किसानों ने बताया कि फसल के गिर जाने से कटाई मुश्किल हो गई है और ऊपर से कीट प्रकोप के कारण फसल हर घंटे खराब होती जा रही है। अगर जल्द सर्वे और मुआवज़े की प्रक्रिया शुरू नहीं हुई, तो किसानों की आर्थिक स्थिति और अधिक गंभीर हो सकती है।

किसानों की माँग तत्काल फसल सर्वे किया जाए,नुकसान का वैज्ञानिक तरीके से आकलन हो,प्रभावित किसानों को उचित मुआवज़ा दिया जाए,कीट नियंत्रण हेतु कृषि विभाग तत्काल मदद उपलब्ध कराएबड़े सवाल अब भी जस के तस है कि कब पहुँचेगी सर्वे टीम?किसान को मुआवज़ा कब मिलेगा और क्या प्रशासन इस संकट को लेकर जमीन पर सक्रिय है या सिर्फ़ कागज़ों में?

विभागीय योजनाओं की हुई समीक्षा

## शहपुरा में SIR अभियान की शुरुआत, BLO को मिला प्रशिक्षण



**शहपुरा** - तहसील कार्यालय शहपुरा में वंदे मातरम् कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने देशभक्ति की भावना के साथ सामूहिक रूप से वंदे मातरम् का गायन किया।इसके साथ ही विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) के अंतर्गत शहपुरा क्षेत्र के सभी बीएलओ (BLO) को एनुमेरेशन फॉर्म (EF) वितरित किए गए। इस अवसर पर एसडीएम शहपुरा द्वारा स्वयं प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में बताया गया कि BLO घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करेंगे और एनुमेरेशन फॉर्म भरवाकर एसडीएम/ईआरओ कार्यालय में जमा करेंगे। पिछले एक सप्ताह से BLO ऐप पर मैपिंग की प्रक्रिया जारी है। यह कार्य 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक पूर्ण किया जाएगा। अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) शहपुरा द्वारा आज ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की बैठक भी ली गई, जिसमें विभिन्न विभागों की योजनाओं की समीक्षा की गई। समीक्षा में पीएचई विभाग को पेयजल समस्या के निराकरण के निर्देश दिए गए, वहीं जेएसओ एवं एसएडीओ को उपार्जन कार्य की प्रगति पर निर्देशित किया गया। एमपीईबी को समाधान योजना के क्रियान्वयन पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसके अलावा वेटरनरी, हार्टिकल्चर एवं जनपद से संबंधित विभागों की समीक्षा भी की गई।इसके अतिरिक्त, जनपद कक्ष में सचिव एवं जीआरएस की बैठक आयोजित की गई, जिसमें स्वास्थ्य शिविरों के आयोजन, कोदो-कुटकी पंजीयन, SIR कार्य तथा विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए।

## शहपुरा में सचिव एवं जीआरएस की समीक्षा बैठक सम्पन्न



**एसडीएम ऐश्वर्या वर्मा ने विभागीय योजनाओं की प्रगति पर की चर्चा, SIR में सक्रिय सहभागिता के दिए निर्देश**

**शहपुरा** - अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) शहपुरा ऐश्वर्या वर्मा द्वारा सचिव एवं जीआरएस की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभागीय योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, माँ की बगिया एवं मनरेगा की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान एसडीएम वर्मा ने सभी अधिकारियों को दिव्यांग शिविर के सफल आयोजन एवं कोदो-कुटकी पंजीयन कार्य में सक्रियता बरतने के निर्देश दिए। इसके साथ ही विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) अभियान के तहत सचिव, जीआरएस एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को बीएलओ के साथ मिलकर घर-घर जाकर एनुमेरेशन फॉर्म (EF) भरवाने के निर्देश दिए गए, ताकि प्रत्येक पात्र मतदाता का सत्यापन सुनिश्चित किया जा सके। एसडीएम ऐश्वर्या वर्मा ने कहा कि सभी विभागीय योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुँचे और SIR कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण हो, इसके लिए सभी अधिकारी समन्वय और सक्रियता से कार्य करें।

## एसआईआर राष्ट्रगीत एवं भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को लेकर भाजपा मंडल अमरपुर की बैठक संपन्न



**अमरपुर।** भाजपा मंडल अमरपुर में एसआईआर राष्ट्र गीत एवं भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें जिला महामंत्री बद्री साहू, जिलामंत्री मालती तिवारी, मण्डल अध्यक्ष आकाश नामदेव मुख्य वक्ता के तौर पर उपस्थित रहे। सर्व प्रथम पण्डित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं भारत माता के तेलीय चित्र पर माल्यार्पण कर तिलक वंदन कर बैठक की शुरुआत की गई। उसके बाद राष्ट्र गीत वंदेमातरम का सामूहिक गान किया गया। तदपश्चात बैठक पारम्भ हुई बैठक को संबोधित करते हुए जिला महामंत्री बद्री साहू द्वारा वोटर लिस्ट एसआईआर के बारे में विस्तार से अपना विषय रखा और कहा कि आज हर आदमी को अपना अपना नाम वोटर लिस्ट में जुड़वाना हैं। जोकि अभी पूरी तरह निरंक हैं। वहीं पर बैठक को जिलामंत्री मालती तिवारी ने संबोधित करते हुए कहा कि महिला बहुत जरूरी हैं एवं क्षेत्र की हर महिलाओं का नाम वोटर लिस्ट में जुड़ जाए इस बात की चिंता हम सबको करना हैं। बैठक को मण्डल अध्यक्ष आकाश नामदेव ने भी सम्बोधित किया और कहा कि आज वोटर लिस्ट पूरी तरह निरंक और खाली हैं। जिसे हमको पूरे नियम कानून का पालन करते हुए बीएलए 2 के माध्यम से भरवाना हैं। जिसमें हम सबका सहयोग आवश्यक हैं। आज देश में फर्जी और वोगस मतदाता होने के कारण काफी मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा हैं। सभी योजनाओं का लाभ सही और पात्र हितग्राही नहीं मिल रहा हैं। कही कही फर्जी मतदाताओं के कारण उनका हक मारा जाता हैं। जिसकी चिंता करना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी हैं हम सब मिल कर बाहरी और फर्जी मतदाताओं का नाम न जुड़े ऐसा प्रयास करेंगे। वोटर एसआईआर विषय के बाद वंदेमातरम गीत के 150 वर्ष पूरे होने के अवसर पर पूरे देश में सामूहिक गायन होना हैं। जिसमें हम सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को हिस्सा लेकर राष्ट्र गीत को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहचान हैं। यह राष्ट्र गीत ही सबको देश सेवा से ओत प्रोत कर देता हैं। अंत में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाए जाने की तैयारी के बारे में विस्तार से उपस्थित कार्यकर्ताओं को अवगत कराया गया। आयोजित बैठक में भाजपा मंडल महामंत्री राम कुमार वनवासी, रितेश उसराठे, उपाध्यक्ष माखन साहू, रामनाथ उद्दे, शोभा राम धुर्वे, रमेश यादव, गुलाब सिंह ठाकुर, साहब लाल पुशाम, संदीप पट्टा, उमेश ठाकुर, बलदेव तिलगाम, कीर्तन मरावी, रामसिंह मरावी, सखा राम यादव, परस राम ठाकुर, सुनील ठाकुर आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सड़क सुरक्षा हेतु डिंडौरी पुलिस की सघन वाहन चेकिंग अभियान

**एक सप्ताह बाद बिना हेलमेट वाहन चलाते पाए जाने पर चालानी कार्रवाई**



**डिंडौरी।** जिले में सड़क दुर्घटनाओं एवं उनमें होने वाली मृत्यु में कमी लाने के उद्देश्य से पूरे जिले में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। निर्देशों के पालन में 06 नवम्बर 2025 को जिले के सभी थाना एवं चौकियों में एक साथ वाहन चेकिंग की गई। इस दौरान बिना हेलमेट 87, बिना सीट बेल्ट 21, बिना लाइसेंस 03, नाबालिग द्वारा वाहन चलाने के 03, एवं अन्य धाराओं में 15 प्रकरणों में कार्रवाई की गई। कुल 129 चालान तैयार कर 50,000 समन शुल्क वसूल किया गया।इसी क्रम में 07 नवम्बर 2025 को थाना प्रभारी यातायात श्री सुभाष उईके एवं सूबेदार श्री अभिनव राय द्वारा टीम के साथ कॉलेज तिराहा प्वाइंट पर स्कूलों की छुट्टी के समय विशेष वाहन चेकिंग की गई। नाबालिग छात्र-छात्राओं द्वारा वाहन चलाने एवं बिना हेलमेट दोपहिया चलाने पर उनके पालकों को समझाइश दी गई। उन्हें एक सप्ताह के भीतर स्वयं तथा अपने बच्चों के लिए हेलमेट अनिवार्य रूप से खरीदने के लिए कहा गया।

साथ ही चेतावनी दी गई कि एक सप्ताह बाद बिना हेलमेट वाहन चलाते पाए जाने पर चालानी कार्रवाई के साथ ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई भी की जाएगी। यह अभियान जिलेभर में निरंतर जारी रहेगा। डिंडौरी पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट तथा चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें और यातायात नियमों का पालन करें, जिससे दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

## बीएलओ घर-घर पहुंचाकर मतदाताओं का कर रहे सत्यापन



**डिंडौरी।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान प्रारंभ हो गया है। यह प्रक्रिया सरल और सुगम तरीके से संचालित की जा रही है। जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्रों के सभी मतदान केन्द्रों पर बीएलओ द्वारा मतदाताओं को प्रिंटेड गणना फार्म बांटे जा रहे हैं।अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी जे.पी. यादव ने विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 104 डिंडौरी के मतदान केन्द्र क्रमांक 14 घानामार और 15 रूसामाल का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर मतदाताओं से चर्चा कर जानकारी ली। मतदाताओं ने बताया कि बीएलओ घर-घर पहुंचकर तेजी से सत्यापन कार्य कर रहे हैं।बीएलओ द्वारा मतदाताओं को बताया जा रहा है कि जिन मतदाताओं के रिश्तेदार (माता, पिता, दादा-दादी आदि) का नाम वर्ष 2003 की मतदाता सूची में शामिल है, उनके नाम भी वर्तमान प्रारूप सूची में जोड़े जा सकेंगे। इसके लिए किसी भी दस्तावेज़ की आवश्यकता नहीं होगी।कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने बताया कि यह अभियान जिले के सभी मतदान केन्द्रों पर सुचारू रूप से संचालित किया जा रहा है। अपर कलेक्टर श्री यादव ने जिले के मतदाताओं से अपील की कि वे अपने नाम का सत्यापन अनिवार्य रूप से कराएं। मतदाता यह कार्य **ECINET** मोबाइल ऐप या **voters.gov.eci.in** पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन कर सकते हैं, अथवा बीएलओ द्वारा उपलब्ध कराए गए गणना पत्रक ऑफलाइन भरकर भी जमा कर सकते हैं।

## पराली प्रबंधन के लिए सुपर सीडर का हुआ लाइव प्रदर्शन



किसानों को दी गई पराली प्रबंधन तकनीक की जानकारी

**डिंडौरी।** शहपुरा विकासखंड के ग्राम बरगांव में पराली प्रबंधन के लिए उपयोगी यंत्र सुपर सीडर का लाइव प्रदर्शन किया गया। किसान दिलीप कुमार तिवारी के खेत में हुए इस प्रदर्शन में कृषि विभाग के अधिकारियों ने पराली को बिना जलाए खेत में ही सड़ाने और अगली फसल की बुवाई के लिए भूमि तैयार करने की आधुनिक तकनीक बताई।सहायक कृषि यंत्री ने बताया कि सुपर सीडर यंत्र गेहूं, जौ, सरसों आदि रबी फसलों की बुवाई के साथ ही पराली को मिट्टी में मिला देता है, जिससे खेत की उर्वरता बनी रहती है और प्रदूषण भी नहीं होता। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे पराली न जलाएं और इस यंत्र का उपयोग करें, जिससे भूमि की गुणवत्ता में सुधार होगा तथा पर्यावरण संरक्षण भी संभव होगा।कृषि विभाग द्वारा बताया गया कि सुपर सीडर का प्रदर्शन किसानों को आधुनिक कृषि यंत्रों की जानकारी देने और पराली जलाने की समस्या को समाप्त करने के उद्देश्य से किया गया है। जिले में आगामी दिनों में अन्य ग्रामों में भी ऐसे प्रदर्शन आयोजित किए जाएंगे।

## नर्मदांचल विद्यापीठ के नवीन भवन का हुआ भव्य लोकार्पण

नर्मदांचल विद्यापीठ के नवीन भवन का भव्य लोकार्पण हुआ



**शहपुरा**-जनजाति कल्याण केंद्र महाकौशल बरगांव स्थित शिक्षण प्रकल्प अंतर्गत नर्मदांचल विद्यापीठ के नवीन भवन का भव्य लोकार्पण हुआ कोल इंडिया के द्वारा सी एस आर मद से निर्मित नर्मदांचल विद्यापीठ का शुक्रवार को भव्य लोकार्पण हुआ लोकार्पण से पूर्व दिवस में नवीन भवन में श्रीरामचरितमानस का अखंड पाठ किया गया कन्याओं का पूजन हुआ मां सरस्वती की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की गई गायत्री परिवार के द्वारा हवन पूजन का कार्य किया गया एवं वास्तु पूजन भी किया गया इसके पश्चात शुक्रवार को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ नवीन भवन का लोकार्पण हुआ कार्यक्रम में सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन किया गया इसके पश्चात अतिथियों का स्वागत गीत के साथ अभिवादन किया गया तत्पश्चात कार्यक्रम में पधारे मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का शाल श्रीफल एवं पुष्प माला से स्वागत किया गया विद्यालय के बच्चों के द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई संस्था के द्वारा विशिष्ट सहयोगियों का शाल श्रीफल सम्मान किया गया जनजाति कल्याण केंद्र महाकौशल बरगांव के अध्यक्ष मनोहर लाल साहू ने अतिथियों का परिचय कराकर अभिवादन किया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर मनमोहन वेध अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉक्टर प्रदीप दुबे प्रांत संघ चालक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ डॉक्टर एचपी सिंह सेवानिवृत्ति न्यायमूर्ति मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर कैलाश चंद्र साहू महाप्रबंधक सीएसआरसी बिलासपुर छत्तीसगढ़ ओमप्रकाश धुर्वे विधायक शहपुरा मुख्य रूप से उपस्थित रहे साथ ही मनोहर लाल साहू अध्यक्ष जनजाति कल्याण केंद्र महाकौशल बरगांव डॉ श्री कृष्णा बिलैया अध्यक्ष नर्मदांचल विद्यापीठ समिति डॉ सुनीलकांत वाजपेई श्याम कुमरे सेवानिवृत्ति कमिश्नर एवं रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष कृष्णा कुमरे सेवानिवृत्त कलेक्टर शोभना बिलैया चंद्र कुमार पाठक एसईसीएल नरेंद्र सिंह प्रकल्प की प्रभारी जाम सिंह एवं श्याम बनवाले संस्था की प्राचार्य सुरभि पांडे सहित समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं एवं उनके अभिभावक गण उपस्थित रहे।

## मध्यप्रदेश में 4 नवम्बर से शुरू हुआ घर-घर मतदाता सत्यापन अभियान

**विशेष गहन पुनरीक्षण SIR के तहत 4 दिसम्बर तक चलेगा अभियान- नागरिकों से सहयोग की अपील**

**डिंडौरी।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मध्यप्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की शुरुआत की गई है। इस अभियान के तहत 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर 2025 तक राज्य के सभी विधानसभा क्षेत्रों में घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन किया जा रहा है।इस दौरान बूथ लेवल अधिकारी प्रत्येक मतदाता के निवास पर जाकर उनके नाम, पता, आयु और अन्य विवरणों का भौतिक सत्यापन करेंगे।

आयोग ने सभी नागरिकों से इस प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी और पूर्ण सहयोग का आग्रह किया है।मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी,



मध्यप्रदेश संजीव झा ने नागरिकों से अपील की है कि जब बीएलओ आपके घर आएँ, तो उन्हें आवश्यक सहयोग प्रदान करें। बीएलओ के पास मतदाता सूची 2025 के विवरण सहित प्री-प्रिंटेड एन्यूमरेशन फॉर्म होगा। नागरिकों से अपेक्षा की गई है कि वे उसमें भरी गई जानकारी को ध्यानपूर्वक जांचें और पुष्टि करें।

जिन परिवारों में नया सदस्य 1 जनवरी 2026 तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुका है, उसका नाम जोड़ने के लिए बीएलओ फॉर्म-6 प्रदान करेंगे। यदि किसी सदस्य का निधन हो गया हो या वह अन्यत्र स्थानांतरित हो गया हो, तो संबंधित जानकारी भी दी जा सकेगी ताकि सूची से नाम हटाया जा सके।आयोग ने स्पष्ट किया है कि सर्वेक्षण के दौरान बीएलओ कोई भी दस्तावेज एकत्र नहीं करेंगे। दस्तावेज़ केवल तभी मांगे जाएंगे जब किसी प्रविष्टि का सत्यापन रिकॉर्ड से मेल न खाए। बीएलओ आयोग द्वारा अधिकृत पहचान पत्र लेकर आएँगे, इसलिए नागरिक उनसे पहचान सुनिश्चित कर ही जानकारी साझा करें।घर-घर सत्यापन के उपरांत 9 दिसम्बर 2025 को प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। नागरिक 9 दिसम्बर 2025 से 8 जनवरी 2026 तक दावा और आपत्तियाँ दर्ज करा सकेंगे। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 7 फरवरी 2026 को किया जाएगा।निर्वाचन आयोग ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे सटीक और अद्यतन जानकारी प्रदान कर इस महत्वपूर्ण लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सहयोग दें। यह अभियान मतदाता सूची की शुद्धता, पारदर्शिता और समावेशिता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

राष्ट्रगीत "वंदे मातरम" के 150 वर्ष : देशभक्ति की भावना से गूंजा परिसर

## वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर कलेक्ट्रेट प्रांगण में भव्य आयोजन सम्पन्न



**डिंडौरी।** राष्ट्रगीत "वंदे मातरम" के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिला प्रशासन के द्वारा मुख्यालय डिंडौरी के कलेक्ट्रेट प्रांगण में भव्य आयोजन सम्पन्न हुआ। वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 7 नवम्बर 2025 से 7 नवम्बर 2026 तक जिले में चार चरणों में विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के मार्गदर्शन में प्रथम चरण में राष्ट्रगीत वंदे मातरम भव्य समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथियों का फूलमाला एवं बेंच लगाकर स्वागत किया गया। ततपश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक ओमप्रकाश धुर्वे, जिला पंचायत अध्यक्ष रूद्रेश परस्ते, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती अंजू व्यौहार, जिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती सुनीता सारस, उपाध्यक्ष नगरपरिषद श्रीमती सारिका नायिका, सांसद प्रतिनिधि नरेन्द्र राजपूत, हीरा परस्ते जिला पंचायत सदस्य, सुधीरदत्त तिवारी मीडिया प्रभारी, आशीष वैश्य, रजनीश राय, राहुल पांडे, राजेन्द्र परमार, पार्षद् संदीप कांसकार, रितेश जैन, भागीरथ उरैती, ज्योतरादित्य भलावी, राजेश, पुलिस अधीक्षक श्रीमती वाहिनी सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दिव्यांशु चौधरी द्वारा सरस्वती मां के तैलीय चित्र पर फूलमाला अर्पित कर, दीप प्रज्वलन एवं राष्ट्रगीत "वंदे मातरम" के सामूहिक गायन के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा राष्ट्रगीत का सामूहिक गायन किया गया, जिसमें शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पुलिस बैंड एवं स्कूल बैंड द्वारा "वंदे मातरम" की धुन प्रस्तुत की गई, जिससे पूरा वातावरण देशभक्ति से ओत-प्रोत हो उठा। विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने अपने उद्बोधन में कहा कि वंदे मातरम केवल राष्ट्रगीत नहीं, बल्कि भारत की आत्मा और स्वतंत्रता संग्राम की प्रेरणा है। इसकी रचना वर्ष 1875 में बंकिमचन्द्र चट्टोपाध्याय ने की थी, जिसने देशभर में राष्ट्रभक्ति की लहर उत्पन्न की। यह गीत लाला लाजपत राय, बाल गंगाधर तिलक और नेताजी सुभाषचन्द्र बोस जैसे क्रांतिकारियों की प्रेरणा बना। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम की भावना हमें एकता, त्याग और देशभक्ति का संदेश देती है। युवाओं को इस गीत की भावना को जीवन में अपनाकर देश की सेवा के लिए समर्पित होना चाहिए।राज्य स्तरीय समारोह का सुबह 9:30 बजे शौर्य स्मारक भोपाल से मुख्यमंत्री का सीधा लाइव प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी, अधिकारी कर्मचारी जनप्रतिनिधि ने सामुहिक रूप से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के राष्ट्रगीत वंदे मातरम् का गान किया। उक्त कार्यक्रम जिले के शासकीय, अर्द्धशासकीय विद्यालय, महाविद्यालय, मुख्यालय, शासकीय कार्यालय में सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। प्रधानमंत्री के वंदे मातरम् कार्यक्रम प्रातः 10 बजे से नई दिल्ली से माननीय प्रधानमंत्री जी के संबोधन का सीधा प्रसारण भी किया गया, जिसे अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों एवं जनप्रतिनिधियों ने देखा और सुना। पीएम के द्वारा राष्ट्रगीत का सामूहिक गायन, तत्पश्चात प्रधानमंत्री ने अपने उद्बोधन में वंदे मातरम का महत्व बताते हुए अंत में देशवासियों को स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने हेतु संकल्प सामूहिक रूप से शपथ दिलाई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर जे.पी. यादव, एसडीएम डिंडौरी सुश्री भारती मेरावी, डिप्टी कलेक्टर वैधनाथ वासनिक, जनपद पंचायत सीईओ, विभागीय अधिकारी, पुलिस अधिकारी, शिक्षक, छात्र-छात्राएँ एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगीत "वंदे मातरम" के सामूहिक गायन और भारत माता की जय के नारों के साथ हुआ पूरा परिसर देशभक्ति की भावना से गूंज उठा।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने शिक्षण संस्थाओं में आयोजित हुये कार्यक्रम



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** म.प्र. शासन के सामान्य प्रशासन विभाग के द्वारा जारी पत्र के अनुसार राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150 वीं वर्षगांठ के अवसर पर देशभर में 7 नवंबर 2025 से 7 नवंबर 2026 तक समारोह पूर्वक आयोजन आयोजित किए जाने का निर्णय भारत सरकार के द्वारा लिया गया है। वंदे मातरम के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व को दृष्टिगत रखते हुए पूरे वर्षभर विविध गतिविधियां चार चरणों में आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। इसी परिपेक्ष्य में बीते शुक्रवार यानि की 7 नवम्बर को क्षेत्रीय स्कूलों में सामूहिक रूप से वंदे मातरम का गायन का आयोजन किये गये। बताया जाता है कि इस अवसर पर संस्था के शिक्षकों एवं छात्र छात्राओं ने इस आयोजन में भाग लिया गया। वही स्थानीय पीएमश्री बीटीआई स्कूल में संयुक्त संचालक लोक शिक्षण अरुण इंगले, जिला शिक्षा अधिकारी संदीप नेमा, सहायक संचालक सीमा डोंगरे, नीलम मरावी सहित प्राचार्यो एवं शिक्षकों ने सामूहिक रूप से वंदे मातरम गीत गाया। उल्लेखनीय है कि शासन के आदेशानुसार प्रथम चरण में 7 नवंबर से 14 नवंबर को शुभारंभ, द्वितीय 19 से 26 जनवरी 2026 गणतंत्र दिवस, तृतीय 7 से 15 अगस्त 2026 तक हर घर तिरंगा अभियान के साथ और चतुर्थ चरण 01 से 7 नवंबर 2026 तक व्यापक रूप से आयोजित किये जाना है। इन आयोजनों में सभी स्तरों पर आम नागरिकों की सहभागिता के साथ- साथ विद्यालयीन व महा विद्यालयीन के छात्र- छात्राएं, जनप्रतिनिधि, शासकीय अधिकारी- कर्मचारी, पुलिस कर्मी, डॉक्टर्स, शिक्षक, व्यवसायीगण एवं अन्य सभी प्रकार के सामाजिक संगठनों की सहभागिता सुनिश्चित किया जाना है।

### अनेक सटोरिया आये पुलिस की गिरफ्त में

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** सट्टे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिये जिला पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश मीना के निर्देशन तथा उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के मार्ग दर्शन में नगर निरीक्षक विक्रम रजक द्वारा लगातार मुहिम चलाई जा रही है। इसी के चलते अलग अलग स्थानों पर सटोरियों को पकड़ने में सफलता हासिल की गई है। इस संबंध में पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार नगर के चीचली तिरहा के पास शुभम पिता गजेन्द्र यादव निवासी न्यू बस स्टेन्ड गाडरवारा को सट्टा पट्टी काटते हुये रंगे हाथों पकड़कर आरोपी के पास से पट्टी सहित नगदी 400 रूपया जप्त किये गये। इसी प्रकार से समीपस्थ सालीचौका पुलिस चौकी के अंतर्गत गुड बाजार में रजनीश पिता करोडी चौधरी निवासी हरदौल वार्ड को पकड1ते हुये उसके पास से सट्टा पट्टी सहित नगदी 560 रूपया तथा सिहोरा पुलिस चौकी के अंतर्गत बसंत पिता बैनी प्रसाद जाटव निवासी सिहोरा के पास से भी सट्टा पट्टी व नगदी 245 रूपया तथा पप्पू पिता जग्गू पांडे निवासी राजेन्द्र बाबू वार्ड के पास से भी पुलिस ने सट्टा पट्टी सहित नगदी 225 रूपया तो चीचली तिरहा के नलकूप के पास रिंकू पिता सुम्मेर सिंह विश्वकर्मा निवासी इंद्रा कालोनी को सट्टा पट्टी काटते हुये कपकड़कर आरोपी के पास से सट्टा पट्टी सहित नगदी 830 रूपया जप्त किये गये। वही समीपस्थ सिहोरा पुलिस चौकी के अंतर्गत हर्रई तिगड्डा के पास बबलू पिता जालम सिंह मेहरा निवासी अंजसरा के पास से सट्टा पट्टी व नगदी 230 रूपया तथा सिहोरा बाजार चौक पर नरेन्द्र पिता विजय पटैल निवासी ग्राम मरका के पास से सट्टा पट्टी व नगदी 320 रूपया जप्त करते हुये आरोपियों के खिलाफ धारा 4 क जुंआ एक्ट के तहत मामला कायम किया गया है।

### निजी स्वार्थ के चलते मुख्य सड़कों पर प्रभावशालियों द्वारा वाहन खड़े करते हुये व्यवस्था को लगा रहे ग्रहण..?

# अतिक्रमण के जाल में उलझी शहर की यातायात व्यवस्था से परेशान हो रहे आमजन

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा









इस समय देखा जा रहा है कि नगर का यातायात व्यवस्था जहां पूर्णरूप से भगवान भरोसे चलते हुये दिखाई देने लगी है जिसके कारण आमलोगों को अनेक प्रकार की परेशारियों का सामना करने के लिये मजबूर होना पड़ रहा है। क्योंकि नगर की सड़कों पर जहां आवारा जानवरो का जमावड़ा बना रहना आम बात बन चुकी है। वही दूसरी ओर नगर में प्रभावशाली माने जाने वाले लोगों द्वारा मुख्य सड़को के आस पास अतिक्रमण का जाल बिछाने के कारण सड़के लगातार संकीर्ण होते चली जा रही और चौराहों से लेकर सड़को पर युवाओं को अनियंत्रित गति से अपने वाहन चलाना जहां वह अपनी शान समझने का परिणाम है कि शहर की यातायात व्यवस्था बदहाल होती जा रही है। मगर इस ओर न तो जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा ध्यान दिया जा रहा है और न ही अन्य लोगों द्वारा जिसका परिणाम है कि शहर का हाल बेहाल होते हुये दिखाई देने में कोई कसर नही छोड़ रहा है..? ज्ञात हो कि पुलिस ने पूर्व में नगर की यातायात व्यवस्था में सुधार की जो कवायद थी। मगर वह मात्र पुलिस थाने में आयोजित हुई बैठक तक ही सीमित होकर रह जाने के कारण हाल यह है कि अतिक्रमण करने वाले प्रभावशाली है फिर उनके द्वारा किसी ने किसी भैया की छत्रछाया का परिणाम है कि वाहन मालिकों से लेकर अतिक्रमणकारियों के हौसले इतने बुलंद नजर आ रहे है और परिणाम इस तरह देखने मिल रहा है कि वह मुख्य सड़को पर ही अपना कब्जा जमाने से नही चूक रहे है? क्योंकि लोगों द्वारा वाहन अपने एसो आराम के लिये खरीद तो लिये जाते है। मगर उन्हे मुख्य सड़को पर रखना अपनी शान समझने से नही है। इस बात की सच्चाई नगर के मुख्य मार्गो से लेकर जगह जगह आसानी से देखी जा सकता है। जिसका आलम यह है कि शहर के मुख्य स्थानों पर शाम के बाद रोज जाम लगने की स्थिति दिखायी देना आम बात बनी चुकी है। इस तरह सड़कों पर वाहनों की बेरोकटोक आवाजाही से शहरवासियों, राहगीरो का सड़कों को पार करना मुश्किल हो रहा है और वाहनों का घमासान जारी रहने से आमजन तो परेशान हो ही रहे है साथ ही दुर्घटनाओं का अंदेशा भी बनते हुये देखा जाने लगा है। इस सब का मुख्य कारण एक मात्र ही जान पड रहा है कि नगर में फैले हुये अतिक्रमण को हटाने में जहां प्रशासन असफल हो रहा है तो दूसरी ओर नगर में अनेक जगहों पर प्रभावशालियों के घरों में सामने दिन रात खड़े रहने वाले वाहन निश्चित तौर से नगर की व्यवस्था को ग्रहण लगाने में कोई कसर नही छोड़ रहे है..? अधिकारियों द्वारा इस ओर किसी भी प्रकार से ध्यान देना उचित न समझाना चिंता का विषय बनते हुये दिखाई देने लगा है। इस सच्चाई के चलते अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि जहां एक ओर नगर पालिका द्वारा प्रतिदिन मुनादी कराते हुये लोगों को सूचित किया जा रहा है कि वह अपने घरो से निकलने वाला कचरा नपा की गाड़ी में ही डालें। मगर लोगों की मुख्य सड़को पर खड़े रहने वाले वाहनों के चलते जब नपा की गाडी लोगों के घरों तक ही नही पहुंच पा रही है तो फिर वह लोग अपने घरों का कचरा कहा डाले...? मगर इस ओर नगर पालिका द्वारा मुख्य मार्गो पर होने वाले अतिक्रमण के खिलाफ किसी भी प्रकार की कार्यवाही नही किये जाने के कारण उनके हौसले बुलंद होते हुये चले जा रहे है और नगर की यातायात व्यवस्था को बदहाल कर रहे है। इस स्थिति के चलते इस समय नगर पालिका प्रशासन द्वारा चलाये जा रहे स्वच्छता सर्वेक्षण को भी ग्रहण लगने से नही चूक पा रहा है। गौरतलब है कि नगर के मुख्य बाजार, झंडा चौक के आलवा बैंकों की शाखाओं और अन्य सार्वजानिक स्थानो पर पार्किंग व्यवस्था न होने से आमतौर पर वाहन बेतरतीब ढंग से सड़कों के किनारे खड़े करने के साथ साथ अनेक लोग अपने वाहनों को मुख्य सड़को पर ही खडे करते हुये गपियाने में लग जाते है। मगर इस ओर किसी भी प्रकार से रोकटोक करने वाला न होने से नगर की याातायात व्यवस्था लगातार बिगड़ते चली जा रही है। शहर में एक भी एकांगी मार्ग न होने का नतीजा है कि लगातार नगर की यातायात व्यवस्था बाधित हो रही है और उसके सुधरने के लक्षण फिलहाल नजर नहीं आ रहे है। उल्लेखनीय है कि तहसील मुख्यालय होने के नाते गाडरवारा शहर की अहमियत बढ़ती चली जा रही है। वैसे भी देखा जावे तो नगर में पहले की तुलना में वाहनों की संख्या में बढ़ोत्तरी होने के साथ साथ आबादी में भी वृद्धि हो रही है। वही ग्रामवासियो के जरूरी कामों से निरंतर आने के आलवा एन टी पी सी पावर प्लांट की स्थापना और औद्योगीकरण की रप्तार बढ़नें से यातायात का दबाव बढ़ता जा रहा है। इसी के चलते क्षेत्रवासियो की दरकार है कि अब शहर की यातायात व्यवस्थ को सुविधा जनक बनाने की प्रशासनिक पहल की जाये। इसके अलावा पानी की टंकी, झंडाचौक, पलोटन गंज आदि महत्वपूर्ण स्थानो पर ट्राफिक कंट्रोल के पुख्ता इंतजाम व्यापक जनहित में किए जाएॅं। शहर के थाने में जनसुरक्षा के लिए पुलिस बल तो कम है ही साथ ही यातायात पुलिस कर्मियो का भी अभाव है। जिसकी वजह से शहर की यातायात व्यवस्था में सुधार की संभावनाये धूमिल हो रही है। वही दूसरी ओर नगर में जहां तहां बनी हुई पक्की नालियों पर लोगों द्वारा अपने घरों के प्रवेश द्वारा व दुकानों की सिडियाँ बनाकर उन पर कब्जा कर लिये जाने का परिणाम हे कि इस समय नगर के अनेक जगहों की नाली लोगों के अतिक्रमण में होने से उन पर कब्जा हो गया है जिसके चलते नालियाँ साफ नही होने के कारण यह नाली चोक हो चुकी है ओर नालियों का निकलने वाला गंदा पानी मुख्य सड़कों पर बहता हुआ आसानी से देखा जा सकता है।

### आयोजन स्थल पर पहुंचकर स्कूल शिक्षा मंत्री ने लिया राष्ट्रीय शालेय व्हालीबाल की व्यवस्थाओं का जायजा





**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** नगर के पुराने कालेज खेल मैंदान में 13 नवम्बर से 17 नवम्बर तक आयोजित होने जा रही राष्ट्रीय शालेय व्हालीबाल खेल प्रतियोगिता स्थल का बीते शुक्रवार की देर शाम प्रदेश के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री राव उदयप्रताप सिंह ने 69 वी राष्ट्रीय शालेय व्हालीबाल प्रतियोगिता की तैयारियो का जायजा लिया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य डा योगेश कौरव, भाजपा पिछडा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष राव सदीप सिंह, भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रियांक जैन के आलवा प्रशासन की ओर से जिला कलेक्टर श्रीमति सिंह सहित पुलिस अधीक्षक त्रषिकेश मीना, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिरया, अनुविभागीय अधिकारी श्रीमति कला व्यारे, उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा, तहसीलदार प्रियंका नेताम, नगर निरीक्षक विक्रम रजक, मुख्य नगर पालिका अधिकारी वैभव देशमुख सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद थें। बताया जाता है कि इस दौरान उन्होने मैदान का अवलोकन कर अधिकारियो को आवश्यक निर्देश देने के साथ उन्होंने छात्र छात्राओं के रुकने हेतु आवास व्यवस्था सहित प्रतियोगिता से संबंधित अन्य व्यवस्थाओ से जुडी जानकारी भी ली गई। मंत्री सिंह ने कहा कि गाडरवारा मे राष्ट्रीय शालेय व्हालीबाल प्रतियोगिता बड़ा आयोजन हे जिसमें देश के राज्यों से छात्र छात्राएँ, कोच, मैनेजर सहभागिता करेंगे। सभी अधिकारी एवं कर्मचारी मिल जुलकर आपसी तालमेल से बेहतर कार्य करते हुए उत्कृष्ट व्यवस्थाएं दें एवं प्रतियोगिता संपन्न कराएं। इस अवसर पर मप्र व्हालीबॉल पुरुष टीम के खिलाड़ियों से भी चर्चा करते हुए उन्हें बेहतर खेल की अग्रिम शुभकामनायें दी। मंत्री सिंह ने रूद्र मैदान आने के पूर्व स्थानीय रेस्ट हॉउस में जिला प्रशासन के अधिकारियो के साथ बैठक कर प्रतियोगिता की तैयारियो का फीडबैक लिया।

# एनटीपीसी सुपर थर्मल पावर ने मनाया अपना 51 वाँ स्थापना दिवस, देश के विद्युत क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि का प्रतीक

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।







देश में अपनी एक अलग पहचान बना चुकी विद्युत कंपनी एनटीपीसी लिमिटेड जो भारत की अग्रणी एकीकृत ऊर्जा कंपनी ने गाडरवारा सुपर थर्मल पावर स्टेशन में अपने 51वें स्थापना दिवस का गर्व पूर्वक आयोजन किया गया जो देश के विद्युत क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि को दर्शाता है। अपने स्थाना दिवस के अवसर को स्मरणीय बनाने के लिए एनटीपीसी गाडरवारा द्वारा पर्यावरण की रक्षा का संदेश देते हुये लगभग दो हजार पौधों का रोपण किया गया। बताया जाता है कि मुहिम एनटीपीसी की विभिन्न इकाइयों में 50,000 पौधारोपण के बड़े लक्ष्य का हिस्सा है। यह पहल कंपनी की पर्यावरणीय सततता और पारिस्थितिक संतुलन के प्रति प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करती है। इस कार्यक्रम में कर्मचारियों उनके परिजनों तथा स्थानीय समुदाय के सदस्यों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया, जिससे एनटीपीसी की भारत की प्रगति और सतत विकास यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका उजागर हुई। स्थापना दिवस की शुरुआत संस्था के ध्वजारोहण समारोह से हुई, जिसका नेतृत्व श्याम कुमार BUH एनटीपीसी गाडरवारा ने वरिष्ठ अधिकारियों, कर्मचारियों और अवनि महिला मंडल की सदस्यों की उपस्थिति में किया। एनटीपीसी गीत के मधुर प्रस्तुतीकरण ने गर्व और एकता की भावना को प्रतिबिंबित किया जो पाँच दशकों की निष्ठा, उत्कृष्टता और राष्ट्रसेवा का प्रतीक है। एकल विद्युत स्टेशन से भारत के सबसे बड़े एकीकृत ऊर्जा समूह तक की उल्लेखनीय यात्रा पर विचार करते हुए, एनटीपीसी की विरासत देश के ऊर्जा अवसंरचना के निर्माण और सतत विकास को आगे बढ़ाने में कंपनी की महत्वपूर्ण भूमिका का प्रमाण है। स्थापना दिवस उत्सव के दौरान एनटीपीसी गाडरवारा टाउनशिप में नए डाकघर तथा संरक्षिका कैंटीन एवं केंद्रीय पुलिस कल्याण भंडार का भी शुभारंभ किया गया। इस कैंटीन की स्थापना सीआईएसएफ और एनटीपीसी के संयुक्त प्रयासों से की गई है। बताया जाता है कि इसका उद्देश्य कर्मचारियों तथा सुरक्षा बलों के कल्याण सुविधाओं को सुदृढ़ करना है। इस मौके पर एनटीपीसी की गौरवशाली यात्रा पर प्रकाश डालते हुए, श्याम कुमार ने कंपनी के संस्थापकों, प्रथम अध्यक्ष तथा अन्य अग्रदूतों की दूरदर्शी नेतृत्व क्षमता को नमन किया गया। जिन्होंने कंपनी की मजबूती की नींव रखी। इस दौरान उन्होंने कहा कि एनटीपीसी पाँच दशकों से विकास को ऊर्जा प्रदान करने का प्रतीक है। हमारी दृढ़ता ने हमें एक उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली कंपनी के रूप में स्थापित किया है। जैसे-जैसे हम भारत के भविष्य को ऊर्जा प्रदान करने के अपने संकल्प को आगे बढ़ा रहे हैं, नवीकरणीय और परमाणु ऊर्जा में हमारा विस्तार हमारे सतत और असीम संभावनाओं वाले भविष्य के निर्माण के संकल्प को दर्शाता है। एनटीपीसी गाडरवारा में आयोजित 51वें स्थापना दिवस समारोह ने न केवल कंपनी की समृद्ध विरासत का सम्मान किया। बल्कि नवाचार, सततता और स्वच्छ ऊर्जा पहलों के माध्यम से भारत के ऊर्जा भविष्य को आकार देने के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को भी पुनः स्थापित किया। एनटीपीसी कम-कार्बन और सुदृढ़ ऊर्जा पारिस्थितिकी तंत्र की दिशा में देश के परिवर्तन का नेतृत्व करते हुए भारत के विद्युत क्षेत्र की आधारशिला के रूप में अपनी भूमिका को और सुदृढ़ कर रहा है। एनटीपीसी लिमिटेड के बारे में जानकारी देते हुये कहा कि एनटीपीसी लिमिटेड भारत की सबसे बड़ी एकीकृत विद्युत उपयोगिता कंपनी है। जो देश की कुल विद्युत उत्पादन में लगभग एक-चौथाई योगदान देती है। विश्वसनीयता, दक्षता और सतत विकास पर केंद्रित एनटीपीसी नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में अपने विस्तार को निरंतर आगे बढ़ा रहा है, साथ ही भारत के विकास हेतु ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित कर रहा है।

# अलग अलग स्थानों से पुलिस द्वारा जप्त की गई अवैध शराब

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।



शराब के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिये पुलिस द्वारा चलाई जा रही धरपकड़ मुहिम के चलते बीते हुये दिनों पुलिस द्वारा अलग अलग स्थानों पर छापार मारते हुये अवैध शराब जप्त करने में सफलता हासिल की गई है। इस संबंध में पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार नगर के कुचबंदिया मुहल्ला में तुलसी पिता आयोध्धी धानक निवासी आजाद वार्ड के पास से 5 लीटर कच्ची व माधव पिता गंगाराम धानक निवासी बीटीआई कालोनी के पास से 5 लीटर व शंकर लाल पिता मनीराम कहार निवासी कुचबंदिया मुहल्ला के पास से 5 लीटर व शेखर पिता दौलत जाटव निवासी ग्राम चिर्रिया के पास से 5 लीटर कच्ची व संतोष पिता राधे श्याम कीर निवासी निरंजन वार्ड के पास से 5 लीटर तथा हनुमान वार्ड में एक महिला के पास से 5 लीटर व बसोरी पिता जवाहर के पास से 10 लीटर, जितेन्द्र उफ्र जित्तू पिता रमेश चौधरी निवासी एमपीईबी कालोनी के पास से 5 लीटर व ब्रजेश पिता मुन्ना लाल रजक के पास से 5 लीटर तो शंकर लाल पिता मनीराम कहार निवासी छिडावघाट के पास से 5 लीटर कच्ची तो नगर के महारानी लक्ष्मी बाई वार्ड में छोटू पिता घासीराम नौरिया निवासी आजाद वार्ड के पास से 5 लीटर व माधव पिता गंगाराम धानक बीटीआई स्कूल के सामने रहने वाले के पास से 5 लीटर कच्ची तथा ग्राम कामती में विनोद पिता इन्दर जाटव के पास से 48 पाव देशी, नगर के सोफिया स्कूल के पास अरविंद पिता गुड्डा जाटव निवासी आमगांव छोटा के पास से 17 पाव देशी प्लेन तथा अजय उर्फ राजू पिता विश्राम जाटव निवासी राजीव वार्ड के पास से 5 लीटर व ओम प्रकाश पिता सोवरन सिंह ठाकुर निवासी गौड़ी झिरिया के पास से 5 लीटर कच्ची व नगर के विवेकानंद वार्ड में राजू पिता दीनदयाल ठाकुर निवासी पटैल वार्ड के पास से 5 लीटर कच्ची व नगर के शास्त्री वार्ड में प्रेम शंकर उर्फ भूरा पिता प्रहलाद नौरिया के पास 5 लीटर कच्ची तथा नगर के रेलवे स्टेशन के पास विशाल पिता छोटे लाल कहार निवासी राजेन्द्र बाबू वार्ड के पास से 30 पाव देशी शराब जप्त की गई। इसी प्रकार से समीपस्थ सिहोरा पुलिस चौकी के अंतर्गत ग्राम अंजसरा मरघटा के पास छगनलाल पिता हल्के प्रसाद जाटव उम्र 53 वर्ष के पास से 55 पाव देशी शराब तथा ग्राम बरांझ में एक महिला के पास से 30 पाव अंग्रेजी शराब व ग्राम गरहा में प्रहलाद पिता मंगल जाटव के पास से 20 पाव व नीलेशि पता बाबू लाल राजूपत के पास से 30 पाव देशी शराब जप्त की गई। वही सालीचौका पुलिस द्वारा भी अपने क्षेत्र के बसुरिया बस स्टेन्ड के पास नरेश पिता बाबू लाल वर्मा निवासी रेता मोहल्ला सालीचौका के पास से 18 पाव देशी प्लेन व नाग मंदिर के पास ग्राम पनागर में जमना प्रसाद उर्फ गुल्ला पिता लाल साहब मेहरा के पास से चार कुप्पों में 60 लीटर कच्ची शराब जप्त की गई। इसी प्रकार से चीचली पुलिस द्वारा भी ग्राम तेंदूखेड़ा छोटा में वही के निवासी मेघलाल पिता भैया लाााल रजक के पास से 6 लीटर कच्ची शराब जप्त की गई तो सांईखेड़ा पुलिस द्वारा भी अपने थाना क्षेत्र के ग्राम मिढवानी में वही के निवासी दौलत सिंह काशीराम कुशवाहा के पास से 20 पाव देशी तो सांईखेडा में भैयाजी पिता बाबू लाल विश्वकर्मा नवासी बनवारी के पास से 15 पाव देशी व उत्कृष्ठ विद्यालाय सांईखेडा के पास रंजीत पिता संतोष ठाकुर निवासी ग्राम पिपरिया कला के पास से 23 पाव शराब अवैध रूप से रखे हुये पकड़कर जप्त करते हुये आरोपियों के खिलाफ धारा 34 आवकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# राष्ट्रीय शालेय व्हालीबॉल प्रतियोगिता की तैयारियों को लेकर संयुक्त संचालक ली गई बैठक में दिये जरूरी निर्देश

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** संयुक्त संचालक लोक शिक्षण जबलपुर संभाग अरुण इंगले ने नगर पुराने कालेज खेल मैदान पर आयोजित होने वाली 69 वी राष्ट्रीय शालेय व्हालीबाल प्रतियोगिता की तैयारियों को लेकर स्थानीय शासकीय पीएमश्री बीटीआई स्कूल में आयोजन से जुडे हुये अधिकारियों सहित अन्य कर्मचारियों की बैठक लेते हुये अभी तक की गई तैयारियों की जानकारी लेने के साथ साथ जरूरी दिशा निर्देष दिये गये। बताया जाता है कि बैठक में उन्होंने प्रतियोगिता से सम्बंधित आवश्यक तैयारियों के लिए समिति प्रभारियों एवं सह प्रभारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वही बैठक में संयुक्त संचालक इंगले ने कहा कि इस प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए देश के राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों से खिलाडी शामिल होंगे। उन्हें किसी भी प्रकार की कोई परेशानी ना हो इस बात का विशेष ध्यान रखा जावे। वही खिलाड़ियों के लिए आवास, परिवहन, भोजन, पेयजल, विद्युत आपूर्ति एवं खेल प्रतियोगिता संबंधी समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यह आयोजन सभी के लिए यादगार हो इसके लिए स्टेशन पर आने वाले खिलाड़ियों का पुष्प गुच्छ भेंटकर व तिलक लगाकर गर्मजोशी से स्वागत किया जाये जिससे हमारे प्रांत व इस नगर में आने वाली खिलाड़ियों का भरपूर उत्साहवर्धन होने के साथ साथ हमारे प्रदेश की संस्कृति व मेहमान के स्वागत की परम्परा को वह सदा के लिये यादगार बना सके। प्रतियोगिता के मैचों की जानकारी तथा रूट मैप पूर्व से तैयार कर लिया जाये। इसके अलावा कंट्रोल रूम भी बनाया जाये। जिन आवास स्थलों में खिलाडियों को रूकना है उनका पहले से निरीक्षण कर सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित कर ली जाये। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी संदीप नेमा ने कहा कि यह प्रतियोगिता आयोजित करने का मौका जिले एवं गाडरवारा को मिला है। यहाँ होने वाली इस राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन भव्य तरीके से हो एवं खिलाड़ियों के प्रति सहयोगात्मक रवैया सभी का होना चाहिये। बैठक मे सभी समिति प्रभारियों ने अपनी अपनी समितियो की तैयारियो का प्रस्तुतीकरण दिया। बैठक का शुभारंभ अतिथियों ने माँ सरस्वती का पूजन कर किया। बैठक का संचालन बीआरसी संदीप स्थापक ने किया। अंत में वंदे मातरम के गायन से बैठक का समापन किया गया। बैठक मे सहायक संचालक सुश्री सीमा डोंगरे, श्रीमती नीलम मरावी, बीआरसी डी के पटैल, जिला क्रीड़ा अधिकारी सहित विभिन्न समितियों के प्रभारी एवं सहप्रभारी मौजूद थें।



## खबर संक्षेप



### केन्द्रीय जेल में कार्यक्रम का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस केन्द्रीय जेल में मध्यप्रदेश, शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल एवं कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी के दिशा निर्देशानुसार राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जेल अधीक्षक, अजमेर सिंह ठाकुर द्वारा माँ सरस्वती प्रतिमूर्ति पर पुष्प अर्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसमें समस्त अधिकारी/कर्मचारियों एवं बंदियों द्वारा सामूहिक रूप से वंदे मातरम राष्ट्रीय गीत गाया गया। कार्यक्रम में जेल अधीक्षक और जेल उप अधीक्षक ने अपने उदबोधन में राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम की रचना, गायन, स्वतंत्रता आन्दोलन में इसकी भागीदारी, देशवासियों में देशप्रेम की भावना जागृत करने वाला गीत होने का बखान करते हुए बताया कि भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150 वीं वर्षगाँठ को देश भर में 07 नवम्बर, 2025 से 07 नवम्बर, 2026 तक समारोहपूर्वक आयोजित किये जाने का निर्णय लिया गया है। यह निर्णय निश्चित ही भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में इस गीत की भूमिका और इसकी स्थायी सांस्कृतिक विरासत के महत्व को प्रदर्शित करता है। वंदे मातरम के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व को दृष्टिगत रखते हुए भारत सरकार द्वारा देशभर में विविध गतिविधियाँ चार चरणों में प्रथम-7 से 14 नवम्बर 2025, द्वितीय-19 से 26 जनवरी 2026, तृतीय-7 से 15 अगस्त 2026 तथा चतुर्थ-1 से 7 नवम्बर 2026 में व्यापक रूप से आयोजित किया जाना है।

## कलेक्टर एवं शुगर मिल प्रबंधक संचालकों की बैठक सम्पन्न

# किसानों से गन्ना क्रय निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से करें: कलेक्टर



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता और पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीणा की विशेष मौजूदगी में जिले में संचालित शुगर मिलों के प्रबंधकों संचालकों की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया सहित विभागीय अधिकारी तथा शुगर मिलों के प्रबंधक संचालक मौजूद थे। आयोजित बैठक में आगामी दिनों में शुगर मिल द्वारा गन्ना पेराई वित्तीय वर्ष 2025-26 के संबंध में शुगर मिल प्रारंभ करने की तिथियों और व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तार चर्चा की गई। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने निर्देशित किया कि शुगर मिल मालिक श्रम विभाग द्वारा निर्धारित दर के अनुसार ही श्रमिकों को मानदेय का भुगतान करें। उक्त निर्देशों का उल्लंघन करने पर संबंधित के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी।

### 15 दिनों के भीतर हो किसानों का भुगतान

कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने कहा कि शुगर मिल के द्वारा किसानों से गन्ना क्रय करने के लिए क्रमानुसार पर्ची जारी की जाए, जिससे किसानों को परेशानी न हो। उन्होंने शुगर मिल संचालकों को निर्देशित किया कि पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित रखें, पार्किंग की कमी होने पर आसपास की भूमि या खाली भूमि का उपयोग पार्किंग के लिए करें। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने निर्देशित किया कि किसानों को गन्ना फसल का भुगतान पंद्रह दिवस के अंदर करना सुनिश्चित करें। शुगर मिल परिसर में किसानों के लिए विश्रामगृह, कैंटीन एवं शौचालय की व्यवस्था रहे। मिल परिसर में स्वच्छता के मानकों का पालन हो।

### प्रति सप्ताह प्रस्तुत की जाए रिपोर्ट

शुगर मिल द्वारा भुगतान पूर्णतः पारदर्शी रहे और गन्ना किसानों के बैंक खातों में उनका भुगतान पंद्रह दिवस में किया जाए। शुगर मिल में तौल, कांटा, टेस्टिंग का पंचनामा किया जावे। शुगर मिलों की साप्ताहिक रिपोर्ट प्रति शुक्रवार को दी जाए और किसानों की समस्याओं का तुरंत समाधान किया जाए। गन्ना रिकवरी की टेस्टिंग पूर्णतः पारदर्शी रूप से की जावे। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने निर्देशित किया कि स्वास्थ्य विभाग के द्वारा श्रमिकों के लिए स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन कर उनके लिए स्वास्थ्य कार्ड बनाया जाए। कलेक्टर ने बैठक में अन्य विषयों पर विस्तार से चर्चा कर संबंधितों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने गन्ना विकास परिषद की राशि जमा करने को कहा, जिससे उक्त राशि से महत्वपूर्ण कार्य किए जा सकें।

### नियमों का किया जाए पालन

पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश मीणा ने कहा कि शुगर मिलों में किसानों के क्रम को प्रदर्शित करने के लिए स्क्रीन लगाई जाए, जिससे किसान अपने क्रम को देख सकें। शुगर मिल में स्क्रीन लगाने पर किसानों से गन्ना क्रय करने की प्रक्रिया सुविधाजनक होगी। इससे शुगर मिल की सम्पूर्ण प्रक्रिया पारदर्शी व निष्पक्ष तरीके से सम्पन्न होगी। उन्होंने कहा कि ट्रेक्टर-ट्राली के आगे और पीछे रिफ्लेक्टर पट्टी लगाया जाए। जिससे दुर्घटना की संभावना नहीं रहे। ट्रेक्टर-ट्राली में कोई अतिरिक्त ट्राली न लगाई जाए, इसका पूर्णतः पालन करना सुनिश्चित करें। पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीणा ने कहा कि शुगर मिलों में कार्यरत श्रमिकों का पुलिस सत्यापन अनिवार्य रूप से कराया जाए। कोई भी श्रमिक संदिग्ध नजर आता है, तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस थाने में दी जाए।

### जिले में किसानों के लिए उर्वरकों की उपलब्ध



उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग ने बताया कि जिले के किसानों के लिए लगातार उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जा रही है। वर्तमान में जिले में रबी फसलों की बोनी प्रारंभ हो चुकी है। जिले में गेहूं, चना, मसूर, मटर एवं गन्ना की बोनी किया जाना प्रस्तावित है। जिले में किसानों के लिए लगातार उर्वरकों की रैक प्राप्त हो रही है। उप संचालक कृषि ने इस संबंध में गोदामों का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि आगामी दिवस में रैक प्वाइंट पर एनएफएल यूरिया 2600 मी.टन रैक प्रस्तावित है। इसी प्रकार कछपुरा रैक से 350 मी.टन एवं 400 मी.टन, कोरोमंडल इंटरनेशनल से 700 मी.टन यूरिया प्राप्त होना है। पिपरिया रैक से 350 मी. टन यूरिया एवं 350 मी.टन 20:20:0:13 कुल 750 मी.टन यूरिया प्राप्त होना है। इसी तरह रैक प्वाइंट गढ़ा से 100 मी.टन डीएपी एवं टीएसपी 200 मी.टन प्राप्त होना है। उक्त उर्वरकों को जिले की डबल लॉक केन्द्रों, समितियों एवं निजी विक्रेतों के प्रतिष्ठानों पर फीड कराया जायेगा। जिले में रबी फसल बोनी को दृष्टिगत रखते हुए पर्याप्त मात्रा रासायनिक खाद का भण्डारण कराया गया है। वर्तमान में यूरिया 2889 मी.टन, डीएपी 1385 मी.टन, एनपीके (काम्लेक्स) 2202 मी.टन एवं एसएसपी 8578 मी.टन उपलब्ध है।

## सिंधी समाज ने पुतला दहन कर सौंपा ज्ञापन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** शुक्रवार को सिंधी समाज द्वारा राष्ट्रपति के नाम जिला प्रशासन को नाम पर ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की गई। ज्ञापन मे बताया गया कि रायपुर निवासी अमित बघेल द्वारा पूज्य श्री झूलेलाल भगवान के प्रति की गई अमर्यादित एवं आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में के सिंधी समाज में जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है। जिसमें आरोपी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया कि 20 अक्टूबर 2025 को सोशल मीडिया पर जारी वीडियो में अमित बघेल ने सिंधी समाज के आराध्य देवता भगवान झूलेलाल के संबंध में असंवेदनशील और अपमानजनक टिप्पणी की। इस बयान से सिंधी समाज सहित पूरे भारतीय समाज की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। सिंधी समाज ने अपने ज्ञापन में उल्लेख किया कि भगवान झूलेलाल केवल सिंधी समाज ही नहीं, बल्कि संपूर्ण भारतीय समाज के आराध्य हैं, जिनकी शिक्षाएं एकता, भाईचारा और सद्भाव का संदेश देती हैं। ऐसी टिप्पणी सामाजिक सौहार्द्र और राष्ट्रीय एकता को कमजोर करने वाली है। सिंधी समाज ने राष्ट्रपति से अनुरोध किया है कि अमित बघेल के खिलाफ विधिसम्मत अपराध दर्ज कर तत्काल कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति इस प्रकार की अमर्यादित टिप्पणी करने का दुस्साहस न कर सके। इस अवसर पर सिंधी समाज नरसिंहपुर द्वारा विशाल आक्रोश रैली का आयोजन किया गया। रैली श्री झूलेलाल मंदिर, सिंधी कॉलोनी से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए कलेक्टर कार्यालय तक पहुँची, जहाँ ज्ञापन सौंपा गया। समाज के बुजुर्गों, युवाओं और बच्चों ने भारी संख्या में भाग लेकर समाज की एकता और आस्था का परिचय दिया। सुभाष चैक पर अमित बघेल का प्रतीकात्मक पुतला दहन कर समाज ने विरोध दर्ज कराया। पूरे आयोजन में सिंधी समाज की एकजुटता और धार्मिक आस्था का अद्भुत प्रदर्शन देखने को मिला। कार्यक्रम के अंत में पूज्य पंचायत सिंधी समाज के अध्यक्ष राजेश मखीजा ने सभी समाज जनों, वरिष्ठ नागरिकों और युवा साथियों का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने भारी संख्या में उपस्थित होकर समाज की एकता और श्रद्धा का संदेश दिया।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में शाला प्रबंधन समिति की बैठक सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विगत दिवस कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय शाला प्रबंधन समिति की बैठक सम्पन्न हुई। आयोजित बैठक में शाला प्रबंधन समिति के द्वारा महत्वपूर्ण निर्णय सर्वसम्मति से लिए गए। बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता राजेन्द्र ठाकुर, जिला पंचायत सीईओ गजेन्द्र सिंह नागेश, जिला शिक्षा अधिकारी, प्राचार्य शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर सहित विभागीय अधिकारी मौजूद थे। आयोजित बैठक में निर्णय लिया गया कि शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के प्रवेश द्वार में आवागमन को सुगम बनाने के लिए पेवर ब्लॉक लगाया जाए। असेम्बली हॉल परिसर से रेडक्रास भवन के सामने एवं बास्केट बॉल ग्राउंड के पास तक जल निकासी का उचित प्रबंध किया जाए। बैठक में वार्षिक आय-व्यय की समीक्षा की गई। शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर में शिक्षकों की व्यवस्था के संबंध में समीक्षा की गई। विद्यालय में अध्यापन कार्य हेतु शिक्षकों एवं लाइब्रेरी हेतु ग्रंथपाल की व्यवस्था करने के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में उत्कृष्ट विद्यालय द्वारा मासिक पुस्तिका का प्रकाशन करने और बैंड सेट क्रय के संबंध में निर्णय लिया गया। आयोजित बैठक में छात्रावास में निवासरत छात्र- छात्राओं के लिए कोचिंग क्लासेस का प्रबंध कराने के संबंध में निर्णय लिया गया। विद्यालय में नवनिर्मित टीन शेड में पंखों की व्यवस्था और विद्यालय भवन व बाउंड्री वॉल की पुताई के संबंध में चर्चा की गई।

## इमझिरा में हायर सेकंडरी स्कूल को जरुरत है नये भवन की







### किचिन शेड में बैठकर पढ़ते हैं छात्र

**तेंदूखेड़ा।** एक तरफ जहां शासन शिक्षा व्यवस्था में गुणात्मक सुधार लाने के आमूलचूल परिवर्तन करने की दिशा नित नये नये प्रयोग किए जा रहे हैं। वहीं आधुनिक नये भवन निर्माण भी किये जा रहे हैं। लेकिन चांवरपाठा विकास खंड के अंतर्गत आने वाले समीपी ग्राम इमझिरा में उत्कृष्ट शिक्षा व्यवस्था का पर्याय बन चुका शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का भवन काफी जर्जर स्थिति में पहुंच चुका है। इसके पूर्व में बना भवन भी काफी जर्जर स्थिति में पहुंच जाने के कारण उसे जमी दोज कराने की कार्यवाही की जा चुकी है।इसी भवन के बाजू से बना एक और भवन में पर्याप्त जगह ना होने की स्थिति में भवन परिसर में बनें किचिन शेड में भी बच्चों को बैठनें मजबूर होना पड़ रहा है। यहां पर एक शाला एक परिसर में कक्षा छठवीं से बारहवीं तक 275 छात्र छात्राएं अध्ययन कर रहे हैं। कक्षा के मान से यहां पर जगह बहुत कम है।

### स्टाप को बैठनें तक नहीं है जगह

सबसे सोचनीय विषय तो यहां पर यह बना हुआ है कि विद्यालय में अध्यापन कार्य कराने वाले शिक्षकों को एक साथ बैठने के लिए कोई कक्ष भी नहीं है।लेव प्रयोग शाला पुस्तकालय और स्टोर रुम आफिस तक के लिए कोई उचित व्यवस्था नहीं है। विद्यालय के नये भवन के लिए प्रस्ताव बनाकर वरिष्ठ अधिकारियों को दिया जा चुका है। तथा ग्राम के वरिष्ठ जनों ने भी नये भवन के लिए क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं शिक्षा मंत्री से भी गुहार लगाई है।

### उत्कृष्ट शिक्षा व्यवस्था के लिए जाना जाता है विद्यालय

इमझिरा हायर सेकंडरी स्कूल उत्कृष्ट शिक्षा व्यवस्था के लिए पूर्व से ही आगे रहा है। यहां के कर्मठ सेवा भावी शिक्षकों की मेहनत के चलते आस पास क्षेत्रों के छात्र छात्राएं भी यहां पर दाखिला ले चुकी है। विद्यालय परिसर को भी सुंदर स्वच्छ बनाने की दिशा में भी सराहनीय कार्य किये जाते रहते हैं।

## स्वास्थ्य वैक्सीन संघ का मानदेय भुगतान न होने पर सौंपा ज्ञापन



**गोटेगांव।** जिला स्वास्थ्य वैक्सीन ए.वी.डी.के मानदेय राशि का करीब 3 माह से भुगतान नहीं किया गया जिसमें समस्त नरसिंहपुर जिले के गोटेगांव करेली नरसिंहपुर गाडरवारा साईखेड़ा एवं अन्य स्वास्थ्य केंद्र के ए वी डी वैक्सीन मोबिलाइजर ने सीएमएचओ मनीष मिश्रा को ज्ञापन सोपा गया बताया गया कि करीब तीन माह से भुगतान नहीं हुआ है सीएमएचओ से कहा गया कि जब तक हम लोगों को भुगतान नहीं होगा तब तक कार्य बंद रहेगा हम लोगों को टीकाकरण शास्त्र स्थलों पर वैक्सीन लाने ले जाने का कार्य किया जाता है जिसका मानदेय का भुगतान विगत 3 माह अगस्त सितंबर अक्टूबर से लंबित है 7 नवंबर 2025 तक भुगतान नहीं किया गया जिससे कर्मचारियों सदस्य कार्य करने में असमर्थ है कर्मचारियों ने कहा कि हम लोगों की आर्थिक स्थिति कमजोर है। गाड़ी में पेट्रोल भरा कर वैक्सीन स्थल पहुंचने कार्य होता है जिसका मानदेय एक माह का 3 हजार से 4 रुपए तक का बनता है जिसमें एक माह में 2 हजार का पेट्रोल लग जाता है संघ कर्मचारियों का कहना है कि हम लोग गाड़ी में पेट्रोल डलवाए या परिवार चलाएं। कर्मचारीयों ने मांग की है जल्द सभी का रुका हुआ भुगतान किया जाए।

## वंदे मातरम" के 150 वर्ष पूर्ण होने के पर श्रीनगर महाविद्यालय में कार्यशाला का आयोजन



श्री जगतगुरु शंकराचार्य कला वाणिज्य एवं विज्ञान शिक्षण महाविद्यालय श्रीनगर में ₹वंदे मातरम 150 वर्ष राष्ट्रीय जागरण के अमर गान के संबंध में₹ एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें सर्वप्रथम विद्या की देवी मां सरस्वती एवं दो पीठाधीश्वर ब्रह्मलीन स्वामी श्री जगतगुरु शंकराचार्य जी के तेल चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन किया गया तत्पश्चात कार्यशाला में उपस्थित अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ देकर किया गया तत्पश्चात उद्बोधन क्रम में महाविद्यालय के कीड़ा अधिकारी का प्रो. कमल पटेल ने वंदे मातरम गीत के राष्ट्रीय महत्व पर विस्तार से चर्चा की एवं महाविद्यालय के छात्राओं को इस गीत के महत्व को समझाया उद्बोधन की अगली कड़ी में कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के मुखिया डॉक्टर दिलीप पाठक ने छात्र _छात्राओं को वंदे मातरम राष्ट्रीय जागरण के अमर गान के संबंध में बताते हुए कहां की आज वंदे मातरम गीत 150 वर्ष पूर्ण कर रहा है उसे समय अंग्रेजों के उपनिषदवाद के क्रूर शासन के खिलाफ भारत के युवाओं में राष्ट्रीय चेतना का स्वर मुखरित करने मैं इस गीत का अत्यधिक महत्व रहा है उस समय आजादी के जो भी आंदोलनों में समुदाय इकट्ठा हुआ करता था उस समुदाय में या उद्बोधन श्रृंखला में वहां सर्वप्रथम यही गीत गया जाता था जिससे कि राष्ट्र प्रेम की भावना भारत के हर नागरिक में जागृत हो सके और वह आजादी के इस महती यज्ञ में अपने आहुति दे सके कार्यशाला का संचालन डॉ आशीष कुमार ठाकुर के द्वारा किया गया आभार प्रो. विवेक जैन ने किया कार्यशाला में महाविद्यालय स्टाफ से प्रो. दिलीप द्विवेदी,छत्रपाल पटेल, भूपत सेन, एसपी डेहरिया,अंकित नामदेव,राजा दुबे,अंकिता नामदेव,अर्चना सोनी, इंद्रजीत धनोरिया,कृष्णा शंकर तिवारी एवं बड़ी संख्या में महाविद्यालय के छात्र छात्राएं में उपस्थित रहे

## वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर यह आयोजन देशभक्ति और सांस्कृतिक जागरूकता का प्रतीक बना



**गोटेगांव।** सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर एक भव्य देशभक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ व्याख्याता राम सिया मिश्रा और प्रधानाचार्य नर्मदा गुप्ता ने मां भारती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया । व्याख्याता राम सिया मिश्रा ने अपने उद्बोधन में बताया कि वंदे मातरम गीत 150 वर्ष पूर्व बंगाल भाषा और हिंदी के मिश्रित रूप में बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा लिखा गया था। उन्होंने इसे अपने उपन्यास आनंद मठ में शामिल किया था। प्रधानाचार्य नर्मदा गुप्ता ने वंदे मातरम की व्याख्या करते हुए इसे ₹मां तुझे प्रणाम करता हूं₹ के रूप में प्रस्तुत किया।कार्यक्रम में वंदे मातरम गीत का सामूहिक गायन हुआ, जिसने सभी को देशभक्ति से भर दिया ।- कार्यक्रम में किशोर शुक्ला, संजय जैन, अनिल अग्निहोत्री, सरदार पटेल, पूजा यादव, ज्योति दुबे, प्रतिभा पाठक, कल्पना चौरसिया, किरण चौरसिया, तुलसा नामदेव, मोनिका, सारिका अग्रवाल, सरिता पटेल, सेल्वी पटेल सहित कई शिक्षक और छात्र शामिल हुए।- कार्यक्रम का संचालन अंजना दीक्षित ने कियावंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर यह आयोजन देशभक्ति और सांस्कृतिक जागरूकता का प्रतीक बना।कार्यक्रम ने छात्रों और शिक्षकों में देशप्रेम और एकता की भावना को बढ़ावा दिया - इस तरह के आयोजन छात्रों को देश के इतिहास और स्वतंत्रता संग्राम से जोड़ने में मदद करते हैं।